प्रेषक,

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उ0प्र0
16 ए0पी0सेन रोड,लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
फर्रूखाबाद।

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2022–23 / 5495 दिनांक–02-11-2022

विषय– सपोर्टिव सुपरविजन के अन्तर्गत चिन्हित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 21.9.2022 से 23.9.2022 तक आपके जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों /कार्यक्रमों का क्षेत्रीय सत्यापन तथा गुणवत्ता का भी आंकलन किया गया। उक्त पर्यवेक्षण दल द्वारा नियमित रूप से प्रत्येक माह आपके जनपद में भ्रमण किया जाना है तथा कार्यक्रमों की गतिशीलता हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाना है।

टीम द्वारा प्रस्तुत भ्रमण आख्या में इंगित गतिविधिवार / कार्यक्रमवार अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही सम्बन्धित स्तर रो कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें जिससे आगामी भ्रमण के समय भ्रमण दल द्वारा कार्यक्रम / सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा कर आगामी रणनीति तैयार की जा सके।

भवदीया

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2022–23 / तद्दिनाक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति / जिला अधिकारी,फर्रूखाबाद।
2. मण्डलीय अपर निदेशक,चि0 स्वा0 एवं0 परिवार कल्याण, कानपुर नगर।
3. सम्बन्धित महाप्रबन्धक,एस0पी0एम0यू0,एन0एच0एम0,लखनऊ।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक,मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, कानपुर नगर,एन0एच0एम0 ।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई,एन0एच0एम0, फर्रूखाबाद।

(डॉ0 मीनाक्षी सिंह)
महाप्रबंधक, आई0ई0सी0

प्रेषक,

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उ0प्र0
16 ए0पी0सेन रोड,लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
फर्रूखाबाद।

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2022–23 / दिनांक–02-11-2022

विषय– सपोर्टिव सुपरविजन के अन्तर्गत चिन्हित बिन्दुओं पर सुधारात्मक कार्यवाही के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 21.9.2022 से 23.9.2022 तक आपके जनपद में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों /कार्यक्रमों का क्षेत्रीय सत्यापन तथा गुणवत्ता का भी आंकलन किया गया। उक्त पर्यवेक्षण दल द्वारा नियमित रूप से प्रत्येक माह आपके जनपद में भ्रमण किया जाना है तथा कार्यक्रमों की गतिशीलता हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाना है।

टीम द्वारा प्रस्तुत भ्रमण आख्या में इंगित गतिविधिवार / कार्यक्रमवार अपेक्षित सुधारात्मक कार्यवाही सम्बन्धित स्तर से कराते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें जिससे आगामी भ्रमण के समय भ्रमण दल द्वारा कार्यक्रम / सुधारात्मक कार्यवाही की समीक्षा कर आगामी रणनीति तैयार की जा सके।

भवदीया

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0एण्ड0ई0 / 2022–23 / 5495-5 तद्दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति / जिला अधिकारी,फर्रूखाबाद।
2. मण्डलीय अपर निदेशक,चि0 स्वा0 एवं0 परिवार कल्याण, कानपुर नगर।
3. सम्बन्धित महाप्रबन्धक,एस0पी0एम0यू0,एन0एच0एम0,लखनऊ।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक,मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, कानपुर नगर,एन0एच0एम0 ।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक,जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई,एन0एच0एम0, फर्रूखाबाद।

(डॉ0 मीनाक्षी सिंह)
महाप्रबंधक, आई0ई0सी0

सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या

जनपद– फर्रूखाबाद।

दिनांक– 21.9.2022 से 23.9.2022

भ्रमण दल के सदस्य–

1. नीलिमा पाठक, सलाहकार, स्टेट ब्लड सेल सोशल मीडिया, एन0एच0एम0।
2. रागिनी सिंह, सलाहकार,चाइल्ड हेल्थ, एन0एच0एम0।

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के पत्रांक एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/ एम0 एण्ड0ई0/2022–23/2566–2/दिनांक 19.7.2022 द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा आवंटित जनपद फर्रूखाबाद का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दिनांक 21.9.2022 से 23.9.2022 तक किया गया जिसकी बिन्दुवार आख्या निम्नवत् है।

- **प्रथम दिवस–21.9.2022**

दिनांक 21.9.2022 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कमालगंज, उपकेन्द्र बलीपुर, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर बलीपुर एवं जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में भाग लिया गया।

- **द्वितीय दिवस– 22.9.2022**

दिनांक 22.9.2022 को जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के अधिकारियों, जनपदीय सलाहकार मातृ स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, क्वालिटी एसोरेन्स, एन0यू0एच0एम0 समन्वयक आदि के साथ बैठक एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भोलेपुर एव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमृतपुर का भ्रमण।

- **तृतीय दिवस– 23.9.2022**

दिनांक 23.9.2022 को जिला पुरूष एवं महिला चिकित्सालय का भ्रमण एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, एन0एच0एम0 के साथ फीडबैक बैठक।

अवलोकित गतिविधियां	सुझाव एवं सहयोगात्मक कार्यवाही	सम्बन्धित जिम्मेदार व्यक्ति
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कमालगंज • भ्रमण दल अपराह्न 12.30 पर जब चिकित्सा इकाई पहुँचा उस समय ओ0पी0डी0 की सेवायें चल रही थी। • भ्रमण समय तक कुल 75 ओ0पी0डी0 रजिस्ट्रेशन हो चुके थें। • चिकित्सालय में आने वाले सभी लाभार्थियों का मुख्य द्वार पर ही कोविड की जाँच की जा रही थी। परन्तु कोविड जॉच हेतु कक्ष की व्यवस्था नहीं थी व खुले में ही मेज पर किट रखकर जाँच की जा रही थी। • अपराहन 12.40 तक कुल 59 मरीजों की कोविड जाँच की गई थी। • ओ0पी0डी0 में महिला चिकित्सक मरीजों को देख रही थी। • आयुष चिकित्साधिकारी (संविदा) डा0 निशी आयुष क्लीनिक में उपस्थित थीं एवं भ्रमण समय तक कुल 28 महिलाओं को देखा था।	• कोविड जॉच हेतु कक्ष चिन्हित कर व्यवस्थित प्रकार से भीड़ को नियन्त्रित कर कार्यवाही करने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt. & Team

• आयुष क्लीनिक में साफ–सफाई एवं मरीजों के बैठने की व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी एवं मरीजों के बैठने की भी व्यवस्था नहीं थी। सभी मरीज महिला चिकित्साधिकारी को घेरे हुए थे तथा मरीजों को देखते समय गोपनीयता का भी अभाव पाया गया।	• कक्ष में मरीजों को देखने की उचित व्यवस्था की जाय। प्रयास किया जाय कि डाक्टर के पास जिस मरीज को दिखाना है वो और उसके परिवार के एक या दो सदस्य ही जाएं, अनुचित भीड़ को एकत्रित न किया जाय जिससे मरीज की गोपनीयता बरकरार रहें।	CHC Suptt & Team
• आयुष क्लीनिक में औषधियों का रख–रखाव सही अवस्था में नही पाया गया। लोहे की रैक में खुले में अव्यवस्थित रूप से औषधियों को रखा गया था एवं औषधियाँ सीलन से रखाब भी हो रही थी। • आयुष महिला चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि केन्द्र पर आयुष फार्मासिस्ट न होने के कारण औषधि वितरण में असुविधा होती है।	• औषधियों के रख–रखाव की व्यवस्था उचित प्रकार से कराई जाय। समय समय पर रैक की साफ–सफाई करायी जाय एवं एक्सपायरी औषधियों को हटा दिया जाय।	CHC Suptt./ BPM & LMO
• आयुष महिला चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वह वर्ष 2010 से एन0एच0एम0 में संविदा पर कार्यरत है और उन्हे अभी रू0 42000/प्रतिमाह मानदेय प्राप्त हो रहा है एवं जनपद द्वारा अभी तक लायल्टी का भी भुगतान नहीं किया गया है। • चिकित्सा इकाई पर उपस्थित अन्य संविदा कर्मियों द्वारा भी लॉयल्टी न मिलने की बात कही गई।	• लायल्टी का भुगतान किन कारणों से अभी तक नहीं किया गया है उक्त पर जनपद स्तर पर चर्चा कर निदान कराने हेतु अवगत कराया गया।	CMO/ACMO & DPM
• डा0 कृतिका एम0बी0बी0एस0 द्वारा महिला ओ0पी0डी0 में गर्भवती महिलाओं की जॉच की जा रही थी। यहाँ पर भी मरीजों के बैठने की व्यवस्था नहीं थी। सभी मरीज महिला चिकित्साधिकारी को घेरे हुए थे तथा मरीजों को देखते समय गोपनीयता का भी अभाव पाया गया।	• कक्ष में मरीजों को देखने की उचित व्यवस्था की जाय। प्रयास किया जाय कि डाक्टर के पास जिस मरीज को दिखाना है वो और उसके परिवार के एक या दो सदस्य ही जाएं, अनुचित भीड को एकत्रित न किया जाय जिससे मरीज की गोपनीयता बरकरार रहें।	CHC Suptt./BPM & LMO
• भ्रमण के समय गर्भवती लक्ष्मी जो कि 06 माह की गर्भवती थी एवं उसका हीमोग्लोबिन 3.2 था Blood Transfusion हेतु महिला चिकित्साधिकारी द्वारा जनपद पर रेफर किया जा रहा था। पूछने पर महिला चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि गर्भवती महिला पहली बार चिकित्सा इकाई पर आई है और क्षेत्र में आशा को भी इसकी जानकारी नहीं थी।	• आशा द्वारा क्षेत्र में सभी गर्भवती महिलाओं की सूचना समय पर प्राप्त कर पंजीकरण कराने हेतु अवगत कराया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि आशा मासिक बैठक में महिला चिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिभाग कर एच0आर0पी0 एवं शीघ्र पंजीकरण के फायदे आदि विषय पर आशाओं को नियमित संवेदीकृत किया जाय तथा बी0सी0पी0एम0 द्वारा क्षेत्रवार आशा कार्य की समीक्षा भी की जाय जिससें कि समय पर गर्भवती की पहचान कर सुरक्षित प्रसव की सुविधा प्रदत्त कराई जा सके।	CHC Suptt./ BCPM/DCMP & LMO

• सामु0स्वा0केन्द्र कमालगंज पर रक्त भंडारण केन्द स्थापित है जो कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया/ प्रसव के समय खून की कमी पर तत्काल रक्त की उपलब्धता कराने हेतु स्थापित की गई है, उक्त स्थिति में महिला को जिला चिकित्सालय क्यों रेफर किया जा रहा है पूछने पर महिला चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें ऐसी कोई भी जानकारी नहीं है कि चिकित्सा इकाई पर रक्त की उपलब्धता हेतु बी0एस0यू0 क्रियाशील है।	• चिकित्सा इकाई पर कौन कौन सी सुविधायें प्रदत्त कराई जा रही है उक्त के विषय में सिटीजन चार्टर का प्रदर्शन किया जाय एवं नियमित रूप से अधीक्षक द्वारा अपने स्टाफ के साथ बैठक कर चिकित्सालय में प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार एवं रणनीति निर्धारण हेतु बैठक किया जाय जिससे वस्तुस्थिति से सभी अधिकारी/कर्मचारी अवगत रहें।	CHC Suptt/BPM & Team
प्रसव कक्ष व वार्ड		
• भ्रमण के समय प्रसव कक्ष में दो लाभार्थी श्रीमती सारिका एवं श्रीमती राखी प्रसव हेतु भर्ती थी। • भ्रमण के समय प्रसव कक्ष में नर्स मेंटर नमिता उपस्थित पायी गई अन्य कोई भी स्टाफ उपस्थित नहीं था। • प्रसव कक्ष में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी। लेबर टेबल पर मैकेनटॉस, पिलो गंदी अवस्था में थे तथा कैलिसपैड में हवा भी नहीं थी। 	• लेबर रूम में सेफ डिलीबरी प्रोटोकाल के अनुसार सभी व्यवस्थायें कराने हेतु अवगत कराया गया एवं यह भी बताया गया कि नियमित रूप से लेबर रूम में भ्रमण कर आवश्यक सामाग्री की उपलब्धता का अवलोकन कर सम्बन्धित का दायित्व निर्धारण करते हुए व्यवस्था कराई जाय।	Nurse Mentor/ Consultant MH & BPM
• प्रसव कक्ष में डस्टविन भी साफ नहीं था तथा दुर्गध आ रही थी। • प्रसव कक्ष में लगा वॉशबेसिन बहुत ही गंदी अवस्था में था तथा कई दिनों से साफ भी नहीं किया गया था। 	• नियमित रूप से प्रसव कक्ष की साफ–सफाई कराई जाय। हर प्रसव के बाद प्रसव कक्ष की राफाई अवश्य कराई जाय जिससे प्रसव कक्ष में दुर्गन्ध न आने पायें।	Nurse Mentor/ Consultant MH & BPM
• सामु0स्वा0केन्द्र एफ0आर0यू0 के रूप में चिन्हित है किन्तु विगत 01 वर्ष में चिकित्सा इकाई पर एक भी प्रसव आपरेशन से नहीं कराया गया है। • माह अगस्त 2022 से भ्रमण दिनांक तक चिकित्सा इकाई पर कुल 180 सामान्य प्रसव कराये गयें है। • पी0एन0सी0 वार्ड में 03 प्रसूता भर्ती थी जिनका प्रसव भ्रमण दिनांक 21.9.2022 को चिकित्सा इकाई पर हुआ था।	• जनपद स्तर पर बात कर ऑनकाल पर एनेसथेटिस्ट की व्यवस्था कर जटिलता वाले प्रसव को आपरेशन से कराने का सुझाव दिया गया।	CHC Suptt./BPM & Cons. MH

• पी0एन0सी0 वार्ड में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोष जनक नहीं थी, वार्ड में दुर्गन्ध आ रही थी गर्मी अत्यधिक थी और बेड चादरें भी साफ नहीं थी। • पी0एन0सी0 वार्ड में बेड पर लाभार्थी के साथ उसके परिवार के सदस्य भी बैठे/लेटे हुए थे एवं अत्यधिक भीड़ थी। 	• पी0एन0सी0 वार्ड में नियमित साफ–सफाई कराने एवं मरीज के साथ एक बार में एक ही अटेण्डेन्ट को साथ में रहने की स्वीकृति प्रदान करने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt./ Nurse Mentor & BPM
• जे0एस0एस0के0 के अर्न्तगत भ्रमण के समय लाभार्थियों/प्रसूताओं को दोपहर का भोजन उपलबध कराया गया था। • भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं थी	• जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत प्रसूताओं को प्रदान किये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की नियमित जाँच कर सुधार कराने का सुझाव दिया गया	CHC Suptt./ Nurse Mentor & BPM
• प्रदत्त कराई जा रही चिकित्सीय सुविधाओं (प्रसव से सम्बन्धित) के विषय में लाभार्थियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। • प्रसव कक्ष में लाभार्थी का पार्टोग्राफ आदि भरा जा रहा है।	• मरीजों का पार्टोग्राफ भरने पर उपस्थित स्टाफ नर्स की प्रशंसा की गई।	
• एन0बी0एस0यू0 इकाई स्थापित है जिसमें 03 स्टाफ नर्स नियुक्ति हैं। 02 रेडिएण्ट वार्मर एवं 01 फोटोथैरैपी यूनिट उपलब्ध है अन्य के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। • एन0बी0एस0यू0 में भर्ती बच्चों की सूचना एफ0बी0एन0सी0 पोर्टल पर अभी अंकित नही की जा रही है। • चिकित्सा इकाई पर कोल्ड चेन का भी अवलोकन किया गया। आई0ओ0 श्री एस0एच0 मिश्रा कक्ष में उपस्थित थे। • चिकित्सा इकाई पर पल्स पोलियों कार्यक्रम के अन्तर्गत घर–घर विजिट का कार्यक्रम चल रहा था। पूछने पर आई0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 98 टीमें गठित की गई है जो क्षेत्र में भ्रमण कर रही है। • चिकित्सा इकाई पर कोल्ड चैन कक्ष में 02 आई0एल0आर0 एवं 04 डीप फ्रीजर है एवं सभी क्रियाशील अवस्था में है।	• एफ0बी0एन0सी0 पोर्टल पर निर्धारित सूचना को ससमय अपलोड करने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt.& BPM
• आई0एल0आर0 एवं डीप फ्रीजर पर विगत 04 दिनों से टेंम्प्रेचर चार्ट नहीं भर गया है। • कक्ष में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पायी गई।	• नियमित रूप से टेम्प्रेचर चार्ट भरने हेतु अवगत कराया गया।	IO & BPM
• औषधि भंडारण कक्ष का भी भ्रमण किया गया। चीफ फार्मासिस्ट श्री प्रेमचन्द्र राजपूत कक्ष में	• दवाओं/लैब से सम्बन्धित	

उपस्थित थे। • कक्ष में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी किन्तु दवाइयों का रख–रखाव सही नहीं। पाया गया। रैक पर दवाइयों के नाम की स्लिप नहीं लगी थी एवं फर्श पर भी गत्ते में औषधियां रखी हुई थी। • चिकित्सा इकाई के पैथालजी में एल0टी0 द्वारा सेवायें प्रदान की जा रही है। • पैथालजी में हीमोग्लोबिन, एच0आई0वी0, मलेरिया, शुगर, टायफाइड, टी0वी0 स्पूटम, पेशाब, सी0बी0सी0 आदि की निःशुल्क जाँच की जा रही है एवं उपलब्ध जाँच सेवाओं के सम्बन्ध में पैथालजी के बाहर सूची/प्रदर्शन भी किया गया है।	रीयजेन्ट्स की स्टॉक इन्ट्री व First in First Out (FIFO) के अनुसार इस्तेमाल करने हेतु एवं अभिलेख तैयार करने हेतु फार्मासिस्ट व एल0टी0 को जानकारी दी गई। • पैथालजी में उपलब्ध जाँच के सम्बन्ध में किये गये प्रदर्शन हेतु उपस्थित स्टाफ की प्रशंसा की गई।	Chief Pharmacist & LT
• पैथालजी में साफ–राफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी।	• नियमित रूप से पैथालजी में सफाई कराने हेतु अवगत कराया गया।	LT & Suport Staff
• एल0टी0 द्वारा इन्फेक्शन प्रीवेन्शन प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा था।	• लैब में इन्फेक्शन प्रीवेन्शन प्रोटोकाल का पालन करने हेतु अवगत कराया गया तथा इससे सम्बन्धित प्रोटोकाल का प्रदर्शन करने हेतु भी अवगत कराया गया।	
• रक्त अल्पता/कम एच0बी0 (हीगोग्लोबिन) वाली गर्भवती महिलाओं की सूची अलग से तैयार नहीं की जा रही है और न ही ऐसी एच0आर0पी0 का फॉलोअप कराया जा रहा हैं।	• रक्त अल्पता से ग्रसित गर्भवती महिलाओं/जिनका हीमोग्लोबिन 7.00gm से कम है की सूचना अलग पंजिका में अंकित कर चिकित्सालय की महिला चिकित्सक एवं बी0पी0एम0/ बी0सी0पी0एम0 को अवगत कराने हेतु सूचना प्रदान की गई जिससे ससमय ऐसी जटिलता वाली गभ्रवती को उपचारित कर सुरक्षित प्रसव कराया जा सके।	CHC Suptt.& Team
• चिकित्सा इकाई पर ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित है किन्तु क्रियाशील नहीं है। • भ्रमण दिनांक तक किसी भी लाभार्थी का Blood Transfusion नहीं कराया गया है।	• ब्लड स्टोरेज यूनिट को क्रियाशील करने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt.& Team
• बी0पी0एम0यू0 यूनिट का भ्रमण किया गया। • बी0पी0एम0/बी0ए0एम0 तथा आपरेटर यूनिट में उपस्थिति पाये गये । बी0सी0पी0एम0 उपस्थित नहीं थी। बी0पी0एम0 द्वारा बताया गया कि क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु गई है और अपने आलमारी की चाभी लेकर गई है। बी0सी0पी0एम0 के उपस्थित न होने के कारण कम्युनिटी प्रोसेस व आर0के0एस0 के सम्बन्धित गतिविधियों/अभिलेखों का अवलोकन नहीं किया जा सका।	• विभागीय पत्रावलियों के रख–रखाव से सम्बन्धित आलमारी की चाभी व्यक्तिगत रूप से रखने पर आपत्ति व्यक्त की गई एवं यदि कार्यालय से बाहर जा रहे है तो विभागीय आलमारी की चाभी सम्बन्धित कर्मी के पास रखने हेतु भी अवगत कराया गया।	CHC Suptt. /BPM/BCPM & Team

• ब्लाक लेखा प्रबन्धक द्वारा भी भुगतान से सम्बन्धित पत्रावली व इनवाइस अवलोकन हेतु प्रस्तुत नहीं किया जा सका। • ब्लाक लेखा प्रबन्धन इकाई पर बाहर प्रचार–प्रसार सामग्री खुले में अव्यवस्थित रूप से रखे गये थे।	• ब्लाक लेखा प्रबन्धक को भुगतान से सम्बन्धित पत्रावलियों को सही से रखने हेतु अवगत कराया गया। • बी0पी0एम0यू0 यूनिट पर साफ–सफाई कराने हेतु अवगत कराया गया तथा प्रचार–प्रसार सामग्री को व्यवस्थित रूप से रखने हेतु भी अवगत कराया गया।	BAM BPMU & Team
उपकेन्द्र बलीपुर		
• भ्रमण दल अपराहन 3.30 पर जब उपकेन्द्र बलीपुर पहुँचा उरा समय केन्द्र पर ए0एन0एम0 सरिता उपस्थित थी तथा प्रसव करा रही थी। • उपकेन्द्र प्रसव इकाई के रूप में चिन्हित है। • उपकेन्द्र पर वर्ष 2021–22 में कुल 1163 प्रसव सम्पन्न हुए है। • उपकेन्द्र पर साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। • उपकेन्द्र पर प्रसव सुविधा को और अधिक व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। • प्रसव हेतु लेबर टेबल, मैकिनटॉश, मेडिसिन ट्रे व कन्जूमेबिल की व्यवस्था मानकारूप व्यस्थित कराने हेतु अवगत कराया गया।	• ए0एन0एम0 से मांगपत्र प्राप्त कर आवश्यक सामाग्री नियमित रूप से उपकेन्द्र पर उपलब्ध कराने हेतु अवगत कराया गया।	CHC Suptt.& ANM
हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर बलीपुर		
• भ्रमण के समय हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर बलीपुर पर सी0एच0ओ0 श्री प्रेरक कुमार उपस्थित थे एवं मरीजों को चिकित्सीय परामर्श की सेवा प्रदान कर रहे थे। • हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर उपकेन्द्र बलीपुर के भवन में संचालित है। • सी0एच0ओ0 द्वारा टेली कन्सल्टेशन की सेवायें प्रदत्त कराई जा रही हैं। • सी0एच0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि वह स्थानान्तरण लेकर यहाँ आये हैं और यहाँ पर उसको अभी तक कार्य हेतु विभागीय टेबलेट उपलब्ध नहीं कराया गया है। स्वयं के मोबाइल से ही टेलीकन्सल्टेशन की सेवायें लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही है। • हेल्थ एवं वेलनेरा सेन्टर द्वारा कुल 7568 की आबादी पर कार्य किया जा रहा है तथा क्षेत्र में 08 आशाकार्यकत्री एवं 01 आशा संगिनी कार्यरत है। • केन्द्र पर आवश्यक औषधि एवं जॉच हेतु किट एवं कन्जुमेबिल उपलब्ध है। • केन्द्र पर विधुत एवं पानी की व्यवस्था उपलब्ध है।	• विभागीय टेबलेट को सीघ्र ही उपलब्ध कराने हेतु अवगत कराया गया।	ACMO-NHM /DCPM
• सी0एच0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग से TA/DA एवं PBI का भुगतान नहीं किया रहा है।	• अनुमन्य TA/DA & PBI का लम्बित भुगतान तत्काल कराने हेतु अवगत कराया गया।	CMO/ACMO & DPM/DCPM
दिनांक 22.09.22		

• जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई/ जनपदीय अधिकारियों के साथ बैठक कर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की गई। • नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेलेपुर का भ्रमण किया गया। यू0पी0एच0सी0 में अप्रैल 2022 से माह अगस्त 2022 तक कुल 24 प्रसव हुए। प्रसव मुख्यतः स्टाफ नर्स द्वारा ही कराये जाते हैं, कोई समस्या होने पर चिकित्सा अधिकारी द्वारा जाँच/सहयोग प्रदान किया जाता है। • चिकित्सा अधिकारी डॉ0 श्वेता सिंह यू0पी0एच0सी0 पर माह जुलाई 2022 से अपनी सेवायें दे रही हैं परन्तु अभी तक उन्हें वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। अवगत कराया गया कि चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति हेतु समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया जिसमें त्रुटिवश यू0पी0एच0सी0 चिकित्सा अधिकारी हेतु रू0 60000/प्रतिमाह धनराशि का मानदेय प्रकाशित है जबकि यू0पी0एच0सी0 चिकित्सा अधिकारी हेतु यह मानदेय रू0 55000/ ही है। चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति पत्र में मानदेय रू0 55000 ही है जिसे नोटशीट पर जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत कर अनुमोदन लिया गया है परन्तु जिला स्वास्थ्य समिति से चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति होने के उपरान्त राज्य स्तर से इस हेतु कोई भी अनुमोदन प्रात नहीं किया गया एवं चिकित्सा अधिकारी का नियुक्ति पत्र जिला स्तर से जारी कर दिया गया है। दुविधा के कारण चिकित्सा अधिकारी को अभी तक मानदेय निर्गत नहीं किया गया है। राज्य स्तर से दिशा निर्देश दिया जाना अपेक्षित है।	• सम्बन्धित प्रकरण पर जनपदीय अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्साधिकारी नगरीय एवं डी0पी0एम0 से वार्ता कर नियमानुसार कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया।	ACMO Urban & Urban Coordinatior
• अर्बन आशाओं का एच0बी0एन0सी0 पर प्रशिक्षण न होने के कारण एच0बी0एन0सी0 विजिट नहीं हो पा रही है। अर्बन कोआर्डिनेटर द्वारा अवगत कराया गया कि एच0बी0एन0सी0 किट एवं मॉड्यूल उपलब्ध न हो पाने के कारण प्रशिक्षण नहीं हो पाया। इस हेतु राज्य स्तर पर सूचना दी गयी है।	• राज्य स्तर पर सम्बन्धित अनुभाग से वार्ता कर आशाओं के एच0बी0एन0सी0 प्रशिक्षण हेतु सीघ्र ही कार्यवाही करने हेतु अवगत कराया गया।	ACMO Urban & Urban Coordinatior
• यू0पी0एच0सी0 पर आई0एफ0ए0 सीरप उपलब्ध नहीं था। माह जून 2021 में 300 बोतल आई0एफ0ए0 सीरप प्राप्त हुआ था परन्तु जल्द ही एक्सपायर हो गया था। अवगत कराया गया कि अन्य आवश्यक दवाईयां समय से प्राप्त हो जाती है, परन्तु सफाई हेतु फिनायल आदि की उपलब्धता नहीं हो पाती है।	• जनपद पर स्टोर पर वार्ता कर मांगपत्र प्रेषित कर आवश्यकतानुसार सामग्री प्राप्त करने हेतु अवगत कराया गया उक्त हेतु डी0पी0एम0 को भी अवगत कराया कि रागन्वय स्थापित कर दवाइयों एवं अन्य सामानों की ससमय उपलब्धता कराने हेतु कार्यवाही करने हेतु अवगत कराया गया।	
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमृतपुर		
• प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमृतपुर का भ्रमण किया गया। • भ्रमण दल सांय 4.00 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमृतपुर पहुंचा। उस समय केन्द्र पर फार्मासिस्ट		

एवं ए0एन0एम0 उपस्थित पाये गयें। • फार्मासिस्ट द्वारा बताया गया कि चिकित्सालय ओ0पी0डी0 समय प्रातः 8 से 2 तक है इसलिए सभी कर्मचारी घर जा चुके हैं। • चिकित्सा इकाई पर साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी एवं कार्यक्रम के प्रचार–प्रसार से सम्बन्धित सामग्री का प्रदर्शन भी किया गया था। • प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमृतपुर पर ए0एन0एम0 द्वारा प्रसव कराया जाता है। भ्रमण दिनांक तक चिकित्सा इकाई पर कुल 48 प्रसव सम्पन्न हुए है। माह अगस्त में 84 प्रसव एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 में कुल 320 प्रसव हुए है। • ए0एन0एम0 द्वारा महिलाओं को परिवार कल्याण से साम्बन्धित भी सेवाएं प्रदान की जाती है। • चिकित्सा इकाई पर परिवार नियोजन से सम्बन्धित सभी सामाग्री उपलब्ध पायी गई।		
दिनांक 23.9.2022		
• भ्रमण दल द्वारा दिनांक 23.9.2022 को जिला पुरूष चिकित्सालय/जिला महिला चिकित्सालय का भ्रमण एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ फीडबैक साझा किया गया। • भ्रमण दल प्रातः 10.00 बजे जब जिला संयुक्त चिकित्सालय फर्रूखाबाद पहुंचा उस समय चिकित्सालय में ओ0पी0डी0 की सेवाये संचालित थी एवं चिकित्सक अपने कक्ष में मरीजों को देख रहे थे। • भ्रमण दल ने मुख्य चिकित्साअधीक्षक से मिलकर भ्रमण के उददेश्य से उनकों अवगत कराने के उपरान्त हास्पिटल मैनेजर एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ चिकित्सालय का भ्रमण किया। • रजिस्ट्रेशन काउन्टर पर महिला व पुरूष की अलग–अलग लाइन लगी थी एवं काउन्टर पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेसन किया जा रहा था। • भ्रमण समय तक 599 मरीज़ों का पंजीकरण किया जा चुका था। • चिकित्सालय परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। • चिकित्सालय में टेली कन्सल्टेशन की सेवायें प्रदान की जा रही है। • टेली कन्सल्टेशन में 03 चिकित्साधिकारियों का माह 5 जुलाई 2022 को जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा वाक–इन–इन्टरब्यू द्वारा चयन किया गया है। • भ्रमण के समय चिकित्साधिकारी डा0 कृष्ण कुमार उपस्थित पाये गये जबकी डा0 आकाश बसल इमरजेन्सी ड्यूटी पर थे कॉल करने पर आ गये एवं डा0 अरिद्वमन सिंह उपस्थित नही थे।	• ओ0पी0डी0 अवधि में समस्त चिकित्साधिकारी को टेली कन्सल्टेशन कक्ष में उपस्थित हो कर आनॅलाइन रहकर टेली कन्सल्टेशन की सेवा प्रदान करने हेतु अवगत कराया गया।	CMS & Concern Doctors

• टेली कन्सल्टेशन में कार्यरत चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक उन्हे मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। • टेली कन्शल्टेसन कक्ष में तीनों चिकित्साधिकारी के पास कम्प्यूटर सिस्टम नेट के साथ उपलब्ध है। • कक्ष में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।	• चिकित्साधिकारियों के मानदेय हेतु अपर मुख्य चिकित्साधिकरी एन0एच0एम0 व डी0पी0एम0 से वार्ता कर सीघ्र ही भुगतान कराने हेतु अवगत कराया गया।	CMS & Concern Staff
• डा0 कृष्ण कुमार द्वारा कुल 1889 मरीजों को एवं डा0 आकाश बंसल द्वारा कुल 1095 गरीजों को अभी तक टेली कन्सल्टेशन की सेवा प्रदान की गई है जो कि अनुमानतः बहुत ही कम है।	• डा0 कृष्ण कुमार द्वारा अनुमानतः प्रतिदिन 25 मरीज व डा0 आकाश बंसल द्वारा प्रतिदिन अनुमानतः 14 मरीज को टेली कन्सल्टेशन की सेवा प्रदान की जा रही है जो कि बहुत ही कम है। उक्त हेतु रणनीति तैयार कर सुधार करने हेतु अवगत कराया गया।	Dr Krishna Kumar & Dr Akash Bansal
• तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तार्गत जिला चिकित्सालय में स्थापित क्लीनिक में अमित सिसौदिया द्वारा मरीजों को परामर्श की सवायें प्रदान की जा रही थी। भ्रमण समय तक 6 मरीजों को परामर्श सेवा प्रदान की गई थी। • कुष्ठ उन्मूलन क्लीनिक में ए0एन0एम0ए0 श्री0 पंकज शुक्ला द्वारा सेवा प्रदान की जा रही थी। माह सितम्बर 2022 में ओ0पी0डी0 में 1 कुष्ठ केस नया आया था जिसको जॉच उपरान्त चिकित्सीय सेवा प्रदान की गई। • एन0सी0डी0 क्लीनिक में एन0पी0सी0डी0सी0एस0 परामर्शदाता सुश्री नाजिया उपस्थित पायी गई। • फिजियोथेरेपी क्लीनिक में श्री आकाश सक्सेना एवं श्री गौरव कुमार उपस्थित थे।	• अपराह्न 1.30 तक कुल 6 ही मरीजों को परामर्श की सेवा प्रदान की गई है जो कि बहुत ही कम है। उक्त हेतु अवगत कराया गया कि ओ0पी0डी0 में भ्रमण कर चिकित्सक से सम्पर्क स्थापित कर अधिक से अधिक मरीजों को परामर्श हेतु तम्बाकू नियन्त्रण प्रकोष्ठ में रेफर करने हेतु अवगत कराया गया।	Concern Staff
• फिजियोथेरेपी क्लीनिक में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी। • खिडकियों पर पर्दे नहीं लगे थे एवं उपकरण पर भी धूल जमा थे। • सी0टी0 स्कैन सेन्टर में मरीजों का सी0टी0 स्कैन किया जा रहा था। • सी0टी0 स्कैन क्लीनिक में 2 रेडियोग्राफर,2 स्टाफ नर्स एवं 1 अटेण्डेन्ट कार्यरत थे। • चिकित्सा इकाई पर पी0पी0पी0 मॉडल पर मरीजों को सी0टी0 स्कैन की सेवा प्रदान की जा रही है। उपस्थित स्टाफ द्वारा अवगत कराया गया कि प्रतिदिन लगभग 35 से 40 मरीजों का सी0टी0 स्कैन किया जाता है जिनमें से 8 से 10 में गंभीर बीमारी का भी पता चलता है। • रक्तकोष का भी भ्रमण किया गया। • रक्तकोष में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। • भ्रमण के समय दो लाभार्थी सुश्री नेहा एवं श्री	• फिजियोथेरेपी क्लीनिक में नियमित साफ–सफाई कराने हेतु एवं खिड़कियों पर पर्दे लगाने हेतु अवगत कराया गया।	CMS/Concern Staff

विमलेश कुमार हेतु रक्त के लिए उनके परिवार के लोग उपस्थित थे जिनका Requisition Form जमा था और रक्तकोष के स्टॉफ द्वारा कार्यवाही की जा रही थी। • एल0टी0 शानू भदौरिया कक्ष में उपस्थित थे। • कैम्प में एकत्रित रक्त यूनिटों की स्क्रीनिंग हेतु किट से जॉच की जा रही थी किन्तु उपयोगित किट पर कोई भी सूचना अंकित नही थी जिससे यह स्पष्ट किया जा सके कि किस रक्त यूनिट का सैम्पल लिया गया है। उक्त पर पूछने पर उपस्थित एल0टी0द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका।	• रक्त यूनिटों की स्क्रीनिंग हेतु किट पर सम्बन्धित ब्लड बैग की संक्षिप्त सूचना यथा बैग नम्बर,रक्त संग्रहण दिनांक,डोनर का नाम आदि अंकित करने हेतु अवगत कराया गया जिससे पहचान हो सके कि किस ब्लड बैग के रक्त की जॉच की जा रही है।	BB INcharge & LT
• Blood Storage Room में दो Blood Storage Refrigerator थे जिनमें एक में Screened Blood Unit और एक में Unscreened Blood Unit रखी गई थी । जिस रेफ्रिजरेटर में Unscreened Blood Unit रखी गई थी उस पर कुछ भी अंकित नहीं था जिससे ये पता चले कि इसमें कौन सी रक्त यूनिट रखी गई है।	• Blood Storage Refrigerator पर स्पष्ट अंकित करने हेतअवगत कराया गया कि किसमें Screened Unit है और किस में Unscreened Unit है जिससे भविष्य में कोई भी अनहोनी न हो।	BB INcharge & LT
• रक्तकोष में उपलब्ध रक्त यूनिटों हेतु सूचना का प्रदर्शन नहीं किया गया था जिससे ये ज्ञात हो सके कि दैनिक आधार पर रक्तकोष में कौन–कौन से ब्लड ग्रुप की कितनी रक्त यूनिट उपलब्ध है।	• रक्तकोष गें दैनिक आधार पर ग्रुप वाइज उपलब्ध रक्त यूनिटों के प्रदर्शन हेतु अवगत कराया गया।	BB INcharge & LT
• जीरियाट्रिक वार्ड का भी भ्रमण किया गया।		
• चिकित्सालय में 2016 में Elderly Program के अन्तर्गत जीरियाट्रिक वार्ड क्रियाशील है। जिरियाट्रिक वार्ड में कुल 10 बेड लगे हैं जिनमें भ्रमण के समय 8 बेड पर मरीज भर्ती थे।	• जीरियाट्रिक वार्ड में नियमित साफ–सफाई कराने हेतु अवगत कराया गया एवं साथ ही साथ यह भी अवगत कराया गया कि वार्ड गें मरीज के साथ एक ही अटेन्डेन्ट हो जिससें अनावश्यक भीड़ न होने पाये।	CMS & Hospital Manager
• वार्ड में साफ–सफाई की व्यवस्था बहुत ही असन्तोषजनक थी । वार्ड में अत्यधिक भीड़ थी एवं असहनीय बदबू आ रही थी।		
• एन0आ।र0सी0 का भ्रमण किया गया, चिकित्सालय में एन0आर0सी0 सुचारू रूप से संचालित है। एन0आर0सी0 इन्चार्ज द्वारा अवगत कराया गया कि 60 प्रतिशत बच्चे ओ0पी0डी0 द्वारा भर्ती होते हैं। आशा एवं आंगनवाडी द्वारा रेफरल बहुत कम है। एन0आर0सी0 में स्वीपर की नियुक्ति किये जाने की आ।श्यकता है। माह अप्रैल से अगस्त तक कुल 79 बच्चे एन0आर0सी0 में भर्ती थे। भ्रमण के दौरान 5 बच्चे भर्ती थे। • जिला महिला चिकित्सालय में स्थित एस0एन0सी0यू0 का भ्रमण किया गया। एस0एन0सी0यू0 की बेड ऑक्यूपेन्सी रेट 78 प्रतिशत है। माह अगस्त में Inborn admission 74 तथा Outborn admission 225 थे।	• क्षेत्रीय स्तर पर आशा एवं आंगनवाडी से बच्चों के रेफरल हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी आई0सी0 डी0एस0 से समन्वय स्थापित कर आशा व आंगनवाडी की मासिक बैठक में उक्त की समीक्षा की जाय एवं उन्हे प्रेरित किया जाय।	CMO/CMS/ DCPM & Team

चिकित्सालय में 18 बेड की एस0एन0सी0यू0 इकाई स्वीकृत है। 15 बेड की एस0एन0सी0यू0 संचालित है। • भ्रमण के समय कोई भी बालरोग विशेषज्ञ एस0एन0सी0यू0 में उपस्थित नहीं थे। अवगत कराया गया कि दिनांक 23.09.2022 को डा0 शिवाशीष की ओ0पी0डी0 एवं आई0पी0डी0 ड्यूटी है और डाक्टर साहब अभी–अभी ड्यूटी कर के गये हैं। एस0एन0सी0यू0 कक्ष के बाहर ज्यादा भीड़–भाड़ थी।	• प्रयास किया जाय कि एस0एन0सी0 यू0 में कोई न कोई बालरोग विशेषज्ञ हमेशा उपस्थित रहें। एस0एन0सी0यू0 कक्ष के बाहर ज्यादा भीड–भाड़ न हो एवं इन्फेक्शन प्रीवेन्शन का पालन किया जाय।	CMS & SNCU Nodal

अभियुक्ति–

- प्रसव कक्ष में मानकारूप आवश्यक लेबर टेबल, मैकिंटोश, कैलिस पैड व मेडिसिन ट्रै आदि की व्यवस्था कराई जाय। जनपदीय मातृ सलाहकार द्वारा नियमित रूप से नर्स मेन्टर की बैठक कर सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाय।
- प्रसव कक्ष एवं वार्ड मे दिशा– निर्देशानुसार आवश्यक प्रोटोकाल लगे हो।
- पी0एन0सी0 वार्ड में साफ –सफाई तथा गोपनीयता की व्यवस्था हो।
- एच0आर0पी0 केस का फॉलोअप तथा नियमित जॉच रिकार्ड का रख–रखाव सुनिश्चित कराया जाय।
- ब्लड स्टोरेज यूनिट को क्रियाशील कराते हुए चिकित्सा इकाई पर एवं क्षेत्र में इसका प्रचार–प्रसार भी कराया जाय।
- रक्षित कराई गई धनराशि की कार्ययोजना तैयार कर इकाईवार व्यय की समीक्षा व समयबद्व रूप से व्यय कराया जाय।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत स्टाफ नर्स, ए0एन0एम0 का नियमित रूप से क्षमता वर्धन किया जाय व नवीन दिशा–निर्देशों से अवगत कराया जाय।
- प्रसव वाले उपकेन्द्रों को चिन्हित कर वहाँ पर मानकारूप आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराई जाएं एवं समय समय पर ऐसी ए0एन0एम0 का क्षमतावर्द्धन भी किया जाय।
- नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं टेली कन्शल्टेशन में चयनित नवीन चिकित्साधिकारियों के लम्बित मानदेय भुगतान को शीघ्र कराने हेतु कार्यवाही की जाय।

20.10.22

रागिनी सिंह, सलाहकार,
बाल स्वास्थ्य,
एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

20/10/22

नीलिमा पाठक, सलाहकार
स्टेट ब्लड सेल एवं सोशल मीडिया,
एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

डॉ0 मीनाक्षी सिंह
महाप्रबन्धक, आई0ई0सी0
मण्डलीय प्रभारी, कानपुर मण्डल
एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0।

प्रतिलिपि:महाप्रबन्धक, एम0एण्ड0ई0 को सूचनार्थ एवं आवशयक कार्यवाही हेतु प्रेषित।